तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 20. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 2 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



बच्चों ने स्टॉल लगाकर अपनी वैज्ञानिक सोच का किया प्रदर्शन

4





## खबर संक्षेप

### 32 मोतियाबिंद मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित

**अकलतरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा में मोतियाबिन्द नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विकासखंड के 45 मरीज जांच कराने के लिए पहुंचे। इनमें से 32 मरीजों को ऑपरेशन के लायक पाया गया जिन्हें गणेश विनायक चाम्पा व जुनेजा आई हॉस्पिटल बिलासपुर ऑपरेशन हेतु भेजा गया। अन्य मरीजों को ब्लड प्रेशर शुगर की बीमारी के कारण मेडिकल ऑफिसर से परामर्श करके मरीज को दवाई दी गई। जिन मरीजों को ऑपरेशन के लिए पत्र नहीं पाया गया उन्हें आगामी नेत्र शिविर हेतु मरीज को आने को कहा गया। नेत्र शिविर कार्यक्रम में विकासखंड अकलतरा के नेत्र सहायक अधिकारी आर के यादव, प्रीतेश सिंह चंदेल , डी आर भारते, सत्यजीत कुर्रे, बबिता पाटले व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बसंतपुर में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 8 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर के बाजार चौक में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ रविवार 8 मार्च को कलश यात्रा और बेदी पूजन के साथ होगा। व्यास आचार्य पंडित कन्हैया लाल दुबे एवं वरण आचार्य हितेश कुमार दुबे होंगे। अखंड नवधा रामायण के दौरान मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया है। मानस गायन प्रतियोगिता का फाइनल प्रतियोगिता सोमवार 16 मार्च को रात्रि 8 बजे से रखा गया है। अखंड नवधा रामायण का समापन मंगलवार 17 मार्च को कथा विश्राम, हवन, चढ़ोतरी , सहस्त्रधारा और ब्राम्हण भोजन के साथ किया जाएगा। अखंड नवधा रामायण के आयोजन को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

### कटौद में जुआ खेल रहे छह जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवागढ़।** थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम कटौद में जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों के कब्जे से 11 हजार 1 सौ रुपए नगद एवं तास पत्ती बरामद की गई है। नवागढ़ पुलिस द्वारा ग्राम कटौद में बीते रात्रि रेड कार्यवाही कर जुआरियों को पकड़ा। पकड़े गए जुआरियों में कटौद निवासी रामखिलावन कश्यप उम्र 40 वर्ष, दिनेश साहू उम्र 43 वर्ष, हरि कुमार कश्यप उम्र 30 वर्ष, घनश्याम कश्यप उम्र 29 वर्ष, जैनी साहू उम्र 33 साल, टिंकू केवट उम्र 30 वर्ष शामिल है। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कमलेश सेंडे एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### संघर्षशील महिलाओं के सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विविध आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष रूप से ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने जीवन में अनेक विषम परिस्थितियों अथवा कठिनाइयों से गुजरकर अपनी चाही गई सफलता प्राप्त की हो तथा अपने उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए उत्कृष्ट कार्य किया हो। इस संबंध में ऐसी महिलाओं की संक्षिप्त जानकारी सहित आत्मकथा, कहानी के रूप में प्रतिवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित महिला की संक्षिप्त जानकारी सहित अपना प्रतिवेदन शुक्रवार 6 मार्च तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला जांजगीर-चांपा में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

---

मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर दिनभर चला प्रदर्शन

# पावर प्लांट के अंदर बंकर में मिली लापता श्रमिक की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आरकेएम पावर प्लांट में काम करने गया श्रमिक रहस्मय ढंग से लापता हो गया था। वह शुक्रवार की सुबह ड्यूटी में गया था। रविवार को प्लांट के बंकर में उसकी लाश मिली। लाश पूरी तरह से क्षत-विक्षत और जली अवस्था में मिली। इधर आक्रोशित परिजनों ने मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। परिवार के एक सदस्य को नौकरी और 15 लाख रुपए मुआवजा मिलने के उपरांत परिजनों का आक्रोश शांत हुआ।

सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र के ग्राम उच्चपिण्डा में आरकेएम पावर प्लांट संचालित है। प्लांट में ग्राम सारसकेला निवासी 41 वर्षीय सुरेश कुमार टंडन मेसर्स सीवीटेक साल्यूशन ठेका कंपनी में श्रमिक के तौर पर काम करता था। वह शुक्रवार 27 फरवरी की सुबह प्लांट में काम करने गया था। शाम तक घर नहीं लौटने पर घबराए परिजनों ने मोबाईल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल बंद मिला। इस पर प्लांट आकर पूछताछ की गई, लेकिन सुरेश का कोई पता नहीं चल सका। फगुरम चौकी में सुरेश के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, वहीं शनिवार 28 फरवरी को परिजनों ने पूरे दिन प्लांट के गेट के सामने प्रदर्शन करे हुए जांच की मांग की। पुलिस प्रशासन और प्रबंधन ने समझाकर किसी तरह सभी को शाम के बाद घर वापस भेजा। इसके बाद प्लांट प्रबंधन और पुलिस टीम ने सुरेश की खोजबीन शुरु की। इस दौरान रविवार 1 मार्च को प्लांट के अंदर 40 मीटर की ऊंचाई पर बने बंकर में सुरेश टंडन की लाश मिली। लाश पूरी तरह से क्षत-विक्षत और जली अवस्था में पाई गई। परिजनों ने इसकी शिनाख्त सुरेश टंडन के रुप में की। इधर घटना से आक्रोशित होकर परिजन और ग्रामीणों ने प्लांट के मुख्य गेट के सामने प्रदर्शन शुरु कर दिया। मृतक के परिजन को नौकरी और मुआवजे की मांग को लेकर पूरे दिन प्रदर्शन किया गया। मौके पर तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रबंधन और परिजनों की बैठक कराई। प्रबंधन ने सुरेश टंडन के परिवार के एक सदस्य को ठेका कंपनी में नौकरी देने का लिखित आश्वासन दिया, वहीं मुआवजे के तौर पर 1 लाख रुपए नगद और 14 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। इधर घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर फारेंसिक टीम को बुलाया गया था। फारेंसिक टीम ने मौके की जांच की। वहीं शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि सुरेश टंडन कन्वेयर बेल्ट में फंसकर कोयले के साथ ऊपर मशीन में पहुंच गया होगा,जिससे उसकी मौत हो गई। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।





प्लांट के भीतर जांच करती पुलिस व मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि का चेक प्रदान करते ठेका कंपनी के अधिकारी।



मृतक सुरेश टंडन

#### कर रहे जांच

आरकेएम पावर प्लांट का ठेकाकर्मी सुरेश टंडन शुक्रवार को ड्यूटी में गया था, जो वापस घर नहीं लौटा। परिजनों द्वारा फगुरम चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। प्लांट के भीतर बने बंकर में शव बरामद हुआ है। फारेंसिक टीम बुलाकर जांच कराई गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

-प्रफुल्ल ठाकुर,
एसपी सक्ती

---

# इस बार भी गर्मी में शहरवासियों की टंकी से नहीं बुझ पाएगी प्यास

## जल आवर्धन योजना का बुरा हाल, 9 साल से चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में रहने वाले लोगों को इस साल की गर्मी में भी पेयजल के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी। शहर में जल आवर्धन योजना का बुरा हाल है। योजना का काम 9 सालों से चल रहा है। बावजूद इसके संबंधित ठेकेदार एवं पालिका प्रशासन के अफसर ध्यान तक नही दे रहे है।

गौरतलब है कि जल आवर्धन योजना के तहत जांजगीर शहर में पानी की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से देवरहा से लेकर जांजगीर तक करीब 12 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाकर पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। जिसके तहत काम भी प्रारंभ किया गया, लेकिन 9 साल का समय होने के बावजूद आज पर्यन्त पाइप लाइन बिछाने एवं पानी टंकी बनाने का काम पूरा तक नही किया जा सका है। वहीं अब मार्च का महीना भी प्रारंभ हो चुका है। गर्मी का एहसास भी अब होने लगा है। इन सबके बावजूद इस साल के गर्मी में भी काम पूरा होने के आसार तक नजर नही आ रहे है। पूर्व में जिस नागपुर की कंपनी को ठेका दिया गया था वह काम छोड़कर भाग गया है। वहीं अब जल आवर्धन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने एवं पानी टंकी बनाने का काम बिलासपुर के राजेन्द्र कुमार पोददार की कंपनी को मिला है। समय में बदलाव होने के साथ साथ जांजगीर शहर की आबादी 50 हजार को पार कर गई है। शहर 25 वार्डो में बंटा हुआ है। जल आवर्धन योजना की शुरूआत साल 2017 में प्रारंभ की गई थी। योजना के तहत ग्राम देवरहा से जांजगीर तक पाइन लाइन के माध्यम पानी पहुंचाया जाना है। लेकिन पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते शहरवासियों को योजना का समुचित लाभ तक नहीं मिल पा रहा है। पालिका प्रशासन की माने तो काफी लंबे इंतजार के बाद जनवरी 2026 से देवरहा से लेकर जांजगीर तक पाइप लाइन बिछाने के साथ साथ पानी टंकी बनवाने पर ध्यान दिया जा रहा है। वहीं अब भी शहर के लोगों के घरो तक इस साल के गर्मी में भी पानी की समुचित ब्यवस्था बन जाने को लेकर आसार नजर तक नही आ रहे है।



आधा अधूरी बनी पानी टंकी।

#### 34 करोड़ 55 लाख का बजट

जल आवर्धन योजना के तहत जांजगीर शहर में पाइप लाइन बिछाने से लेकर पानी टंकी निर्माण कार्य को लेकर 34 करोड 55 लाख रूपऐ का बजट स्वीकृत किया गया है। जिसके तहत शहर में पानी की समस्या को दुर किया जाना है। लेकिन कार्य काफी समय तक बंद होने के कारण अब तक काम पूरा नही किया जा सका है। जिसके चलते शहर में रहने वाले लोगो को अभी पानी की समुचित प्रबंधन को लेकर काफी लंबा इंतजार भी करना पड सकता है। जांजगीर शहर में ही पानी टंकी निर्माण के साथ पाइप लाइन विस्तार का काम अधूरा है।

#### चल रहा निर्माण कार्य

जलआवर्धन योजना के तहत 34 करोड से अधिक की राशि शासन के द्वारा स्वीकृत की गई है। जिसके तहत पाइप लाइन बिछाने का काम प्रारंभ किया गया है। कार्य में तेजी लाने को लेकर संबंधित ठेकेदार को कहा गया है। पानी की समस्या आने पर समुचित ब्यवस्था भी की जाएगी।

-विक्रांत भगत,
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
जांजगीर-नैला

---

# महिला से ठगी कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मदद के नाम पर बुजुर्ग महिला को झांसा देकर सोने की माला एवं नगदी रकम ठगने वाले आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से सोने की माला बरामद कर ली गई है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अरिसया थाना जैजैपुर निवासी श्रीमती लक्ष्मीन बाई चंद्रा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 7 फरवरी को चांपा अस्पताल में अपने पति को भर्ती कराकर ईलाज करा रही थी। इसी बीच 9 फरवरी को सुबह एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और रिश्तेदार होने की बात कहते हुए विश्वास मे लेकर जहर खाने वाले व्यक्ति को शासन की ओर से 6 लाख रूपये नगद पैसा दिलाने की बात कही। इस पर महिला उसके झांसे में आ गई और भारतीय स्टेट बैक ले जाकर फार्म भरने के लिए 6500 रूपये दे दिए। थोडी देर बाद आकर उक्त व्यक्ति ने महिला वजन कराने की बात कहकर उसका सोने का माला और पर्स रख लिया। इसके बाद उक्त व्यक्ति वहां से गायब हो गया। मामले में महिला ने चांपा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने धारा 318(4) कायम कर विवेचना में लिया। सीसीटीवी फुटेज एवं संदेह के आधार पर संदेही हरिशंकर उर्फ राहुल डेंसिल की पतासाजी कर संदेही को तलब कर पुछताछ की गई। राहुल ने प्रार्थीया को 6 लाख रूपये पैसा दिलाने का झांसा देकर सोने का 13 फर वाला माला एवं पर्स मे बचे 13500 रूपये तथा टच वाला मोबाईल ले जाना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी हरिशंकर ऊर्फ राहुल डेन्सिल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

### बोतल बंद पानी में तैरता मिला फफूंद

**चांपा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चांपा स्टेशन के फूड स्टॉल में बोतल बंद पानी में फफूंद तैरता मिला। प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर बिक रही सीलबंद पानी की बोतल में 'काई' (फंगल) तैरती मिली। जब जागरूक उपभोक्ता ने इसकी शिकायत की, तो समाधान के बजाय कंपनी के कर्मचारियों द्वारा बदसलूकी की। स्टेशन पर कैंटीन संचालक शौकत अली ने बताया कि भीड़ के दौरान उन्होंने बिलासपुर से प्राप्त कार्टून में से बोतल निकालकर ग्राहक को दी थी और उसका पक्का बिल भी दिया था। संचालक के अनुसार जैसे ही शिकायत मिली ग्राहक को दूसरी बोतल देने की बात कही लेकिन वह लेने से इंकार कर दिया। स्टेशन में इस तरह से फफूंद लगा पानी मिलना चर्चा का विषय बना हुआ है।

---

# करोड़ों खर्च के बाद भी रामबांधा तालाब बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर का ऐतिहासिक रामबांधा तालाब करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कभी यह 97 एकड़ में फैला स्वस्च्छ सुन्दर व विशाल तालाब था। बाद में अतिक्रमण के कारण यह सिकुड़ गया। वहीं गंदगी व जलकुंभी ने रही सही कसर पूरी कर दी। अब यह तालाब पूरी तरह से बदहाल हो चला है।

- ऐतिहासिक तालाब के बड़े हिस्से में हो गया अतिक्रमण

रामबांधा तालाब का आइडीएसएमटी योजना के तहत गहरीकरण व सौंदर्यीकरण का कार्य कुछ सालों पहले शुरू हुआ। लोगों में उम्मीद जगी की रामबांधा तालाब के दिन लौटेंगे। आईडीएसएमटी के तहत किये कार्यों में मिट्टी बाहर नहीं की गई बल्कि तालाब के पूर्व दिशा को पाट कर दो लाईन की एक किमी लम्बी सड़क, गार्डन व आवासीय परिसर के लिए भूमि बना लिया गया। करीब 20 से 25 प्रतिशत हिस्से को पाट कर तालाब को छोटा कर दिया गया। कालान्तर में पुष्पवाटिका, नगर पालिका भवन, बस स्टैण्ड, पौनी पसारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग आदि बनाये गये जिसका समय समय पर विरोध भी किया जाता रहा है। कुछ मामले न्यायालय में भी गये, लेकिन प्रशासन पर इसका असर नहीं पड़ा। शेष बचे तालाब में कुड़े कचड़े व जलकुंभी का कब्जा है। जलकुंभी के कारण तालाब मैदान की तरह दिख रहा है। घने जलकुंभी के फैलाव से पानी देख पाना मुश्किल है। तालाब की ओर अब किसी का ध्यान नहीं है। नगर पालिका मछली पालन के लिए ठेका देकर तालाब को केवल आय का साधन ही बना रखी है। गंदगी व दूषित पानी से जहां बीमारी फैलने की आशंका को बल मिल रहा है वही मच्छर पनप रहे है जिसके कारण तालाब के किनारे रहने वालों का बुरा हाल है।



जलकुंभी व गंदगी से अटा पड़ा रामबांधा तालाब।

---



# 3 दुकानों में लगी आग, सारा सामान जलकर राख

**जांजगीर-चांपा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कचहरी चौक के पास देर रात तीन ठेला दुकानों में भीषण आग लग गई। इस घटना में तीनों दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं, जिससे लाखों रुपए का सामान नष्ट हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार यह घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे हुई। आग की चपेट में कोलड्रिंक की दुकान, मुर्रा की दुकान और गन्ने के रस की दुकान आ गईं। दुकान संचालकों को इस आगजनी से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है। हालांकि होली पर्व से ठीक पहले हुई इस घटना को देखते हुए असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

---

## व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का भी नहीं हो पा रहा उपयोग

# लाखों की लागत से बना नैला बस स्टैण्ड वीरान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहर के अंदर लाखों की लागत से बना नैला बस स्टैण्ड विरान पड़ा हुआ है। साथ ही साथ व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। देखा जाए तो यहां शाम के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है।

ज्ञात हो कि जांजगीर नैला नगर पालिका परिषद क्षेत्र की नैला मुख्य मार्ग में कुछ अर्से पूर्व बस स्टैण्ड का निर्माण किया गया था, जिसमें व्यवसायिक कांप्लेक्स भी बनाया गया था। परिसर आज जर्जर की स्थिति में है। बस स्टैण्ड निर्माण के शुभारंभ करने के साथ परिसर में बने दुकानों को आबंटित भी कर दिया गया, किंतु कुछ समय तक सिटी बसों की परिचालन करने के बाद स्टैंड को बंद कर दिया है और वहां न तो मार्ग में आवागमन करने के लिए यात्री गाडियां पहुंच रही है और न ही आबंटित दुकानें खुल रही है। दूसरी तरफ स्टैण्ड की पिछले तरफ की दीवाल भी असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया है और वहां व्यवसायिक उपयोग न होकर शाम के समय नशा करने वाले एवं जुआडियों का अड्डा बन गया है। परिसर में रखी सीटी बस कबाड़ में तब्दील हो चुकी है। शहर में सीटी बस की परिचालन के बाद बंद होने पर बस को स्टैंड में ही खड़ा कर दिया गया , जो अब कबाड़ में तब्दील हो गया है, वहीं कबाड़ी चोर धीरे धीरे बस की सामानों को काट काट ले जा रहे हैं । कोरोनाकाल से बंद हुई सिटी बस सेवा अब तक बहाल नहीं हो सकी है। ऐसे में नैला बस स्टैण्ड विरान नजर आता है। नगरवासियों ने शीघ्र ही सिटी बस सेवा शुरु करने की मांग की है। बहरहाल नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने की मंशा पर पानी फिर रहा है तो दूसरी तरफ शासन प्रशासन इस पर आंख मूंदकर बैठे हुए हैं। इसे लेकर जिम्मेदार अफसर एवं कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे है। जिसका नुकसान शहरवासियों सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



विरान पड़ा नैला बस स्टैण्ड।

---

# पंचायत सचिव तीन माह से नदारद, कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत कचंदा में सचिव के तीन माह से अनुपस्थित रहने के कारण पंचायत का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सीईओ जांजगीर चांपा द्वारा 12 दिसंबर 2025 को स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था, जिसमें ग्राम पंचायत कचंदा के सचिव पवन देवांगन का स्थानांतरण ग्राम पंचायत गिधौरी तथा गिधौरी के सचिव महेंद्र कुमार गोड़ का स्थानांतरण कचंदा किया गया है।

आदेश जारी होने के बाद से पवन देवांगन ने ग्राम पंचायत कचंदा नहीं जा रहा है और वहीं, दूसरे सचिव महेंद्र कुमार गोड़ को भी विधिवत प्रभार नहीं सौंपा गया है। इस स्थिति के कारण जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़े कार्य तीन माह से लंबित पड़े हैं। विकास कार्यों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। ग्राम पंचायत कचंदा के सरपंच राकेश कुमार राठौर ने बताया कि सचिव की अनुपस्थिति से पंचायत का समस्त कामकाज ठप हो गया है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत कचंदा के सचिव पवन देवांगन का कहना है कि मेरा स्थानांतरण हो गया है, मैं चार्ज देने जाऊंगा।

#### खास बात

- जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य जरुरी काम के लिए भटक रहे लोग

## खबर संक्षेप

### मुड़ापार बस्ती में लगा गंदगी का अंबार

**कोरबा।** नगर निगम कोरबा स्वच्छता के क्षेत्र में नए कीर्तिमान करने की ओर अग्रसर है किंतु इसी नगर निगम का एक वार्ड के लोग गंदगी और बजबजाती नालियों से परेशान है। यहां के रहवासियों का कहना है कि यदि उन्हें राहत नहीं मिली तो वह उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। नगर निगम का वार्ड क्रमांक 19 मुड़ापार अपने सीने पर उन लोगों को बसाए हुए हैं जो निम्न वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। उनकी ही अधिकांश संख्या यहां निवासरत है। यहां के लोग जब घर से बाहर निकलते हैं तो कई गलियां ऐसी हैं जहां से निकलने के लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ती है। गंदे पानी से होकर उन्हें गुजरने के लिए विवस होना पड़ता है। यहां निवासरत लोगों ने बताया कि गलियां और नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं। यहां सफाई कर्मी तो आते हैं लेकिन सप्ताह में एक दिन सिर्फ रस्म अदायगी कर वापस लौट जाते हैं। पार्षद डॉ. गोपाल कुर्रे परेशान है। वे बताते हैं कि कोई रशीद खान नामक सफाई ठेकेदार है जो यहां दिखता ही नहीं उसके लोग यदा कदा आते हैं और घटा दो घंटा बिता कर वापस लौट जाते हैं।

### अत्यधिक शराब सेवन से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** अत्यधिक शराब सेवन की वजह से 43 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर बरेलीमुंडा की है यहां निवासरत दिलीप सिंह सीता रामस्वरूप राजमिस्त्री का काम करता था। शुक्रवार की सुबह से वह लगातार शराब का सेवन कर रहा था और वह शराब पीकर घर से निकला था। बताया जाता है कि गांव के समीप स्थित खेत में अचेत अवस्था में पड़ा हुआ मिला था। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे थे और दिलीप को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच के दौरान दिलीप की मौत अत्यधिक शराब सेवन की वजह से हुई है।

### विज्ञान दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत किए मॉडल



**गेवरा-दीपका।** राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल झाबर में विज्ञान दिवस पर विज्ञान मेला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अथिति झाबर संकुल के प्रभारी अजय सिंह एवं सीपीएस स्कूल के प्राचार्य एसआर अमित सर के उपस्थित मे कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विद्यालय के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान के क्षेत्र से सम्बंधित मॉडल तैयार कर उन्हे प्रदर्शित किये। मुख्य अतिथि अजय ने बताया कि डॉ सीवी रमन ने आज ही की दिन रमन प्रभाव की खोज किये थे इसके लिए उनको 1930 में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था उन्हीं के याद में आयोजन किया गया है। विज्ञान विषय की शिक्षिका aश्रीमती शिवानी और सरस्वती के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न मॉडल तैयार किये जैसे सोलर पैनल, स्मार्ट सिटीसोलर सिस्टमहाइड्रोलिक, लिफ्टविंडमिल, रेन वॉटर हार्वेस्टिंगऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रोजेक्ट्स इत्यादि शामिल हैं।

### बस्तीवासियों ने किया सड़क जाम 6 घंटे बाद समाप्त हुआ चक्काजाम

**कोरबा।** जेसीबी वाहन से समतलीकरण कार्य के दौरान एक दीवाल भर भराकर गिर गई थी जिससे एक मासूम की मौत हो गई थी जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे। घटना के बाद देर रात को बस्तीवासियों का आक्रोश फूट पड़ा था और बस्तीवासियों ने ओवरब्रिज के नीचे मुख्यमार्ग पर चक्काजाम कर दिया था। लगभग 6 घंटे तक चक्काजाम व हंगामे का दौर जारी रहा। देर रात को प्रशासन व पुलिस के समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस ने इस मामले में जेसीबी चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

दोनों कालोनी के 3350 मकानों को मिलेगा लाभ

# उद्योग मंत्री ने दी एमपी व शिवाजीनगर में 14 करोड़ के अंडरग्राउंड सीवरेज लाइन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भूमिपूजन के दौरान उद्योग मंत्री व महापौर का स्वागत करते वार्डवासी।

दोनों ही कॉलोनी आज शहर के मुख्य आवासीय कॉलोनी हैं लेकिन यहां की सीवरेज लाइन की समस्या विगत कुछ वर्षो से बदहाल थी। कॉलोनी की लंबे समय से नई सीवरेज लाइन के निर्माण की मांग थी। विधानसभा चुनाव में जब मुझे आप सभी के बीच संवाद कर आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला था तब आप सभी ने इस बहुप्रतीक्षित कार्य की मांग की थी। तब मैंने वादा किया था की नई सीवरेज लाइन का निर्माण हर हाल में किया जाएगा। आप सभी को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि इस बहुप्रतीक्षित कार्य को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने 15वें वित्त आयोग मद से तत्काल राशि की स्वीकृति प्रदान की और आज इस कार्य का शुभारम्भ किया जा रहा है।

उक्त बातें कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 शिवाजी नगर एवं वार्ड क्रमांक 27 महाराणा प्रताप नगर कॉलोनी की बहुप्रतीक्षित नई सीवरेज लाइन निर्माण 14.40 करोड़ के कार्यों के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि दोनों ही कॉलोनी के 3350 मकानों की नई सीवरेज लाइन का लाभ मिलेगा। 14.4 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन का निर्माण होगा। सुशासन की सरकार एक ही पहचान है विकास और तेज विकास। ट्रिपल इंजन की सरकार में कोरबा नगर के विकास के लिए पर्याप्त राशि मिल रही है। उन्होने अधिकारियों से समयसीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ काम करने के निर्देश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि कोरबा नगर में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के नेतृत्व में कोरबा नगर निगम हर छोटी से बड़ी समस्याओ के निजात के लिए काम तेज गति से जारी है। विकास के लिए फंड लगातार प्राप्त हो रहा है। शहर को सुव्यवस्थित एवं सुसज्जितकरने की दिशा मे कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। इस अवसर पर दोनों ही वार्ड के क्षेत्रवासियों ने मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर सीमती संजू देवी राजपूत का महामाला से अभिनंदन कर आभार जताया। क्षेत्र वासियों ने कहा कि लंबे समय से इस कार्य की मांग की जा रही थी, फंड के अभाव में कार्य की स्वीकृति नही मिल पा रही थी। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती वर्षा दिनेश वैष्णव, अनुज जायसवाल, अशोक चावलानी, नरेंद्र देवांगन, पंकज देवांगन, अजय गौंड, श्रीमती ज्योति वर्मा, सोनू भाटिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, धर्मपाल सोलंकी, नितिन चतुर्वेदी, पुनीराम साहू, ईश्वर साहू, प्रकाश अग्रवाल सहित दोनों वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डामरीकरण कार्य की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं : झा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने शनिवार को क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए पुरेना एवं मढ़वाढोड़ा मार्ग पर चल रहे डामरीकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश दिए। श्रीमती सोनी विकास झा ने मौके पर उपस्थित ठेकेदार से सड़क की मोटाई और डामर के मिश्रण की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों का निर्माण मानक स्तर के अनुरूप ही होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पुरेना और मढ़वाढोड़ा मार्ग क्षेत्र की व्यस्त मार्ग है। इस मार्ग के बन जाने से स्थानीय निवासियों को धूल और गड्ढों से मुक्ति मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। श्रीमती झा ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि राहगीरों को अधिक समय तक परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि नगर की विकास करना हमारी प्राथमिकता है। बांकीमोंगरा नगर पालिका के हर वार्ड और मार्ग को दुरुस्त करना हमारा लक्ष्य है। निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण के दौरान भाजयुमो छत्तीसगढ़ पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, पार्षद व पीआईसी मेंबर प्रमोद सोना, प्रकाश झा, नकुल पटेल, देव राजपूत, अनूपम दास भी उपस्थित थे।

# स्टॉफ की उपस्थिति के साथ स्वास्थ्य केंद्र समय पर हो संचालितः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोरबा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, मलेरिया, कुष्ठ, सिकलसेल स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, एचआरपी (उच्च जोखिम गर्भवती), मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार कल्याण, एनसीडी, एनक्यूएएस, आरबीएसके, एनआरसी तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की जांच और उपचार समय पर सुनिश्चित हों, अस्पताल समय पर खुलें तथा सभी चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज हो।

टीबी नियंत्रण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने संदिग्ध मरीजों की जांच और उपचार में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जांच किट की कमी होने पर शासन को तत्काल पत्र भेजने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। सैंपल लेकर समय पर नोटिफिकेशन जारी करने तथा डीबीटी भुगतान के मामलों में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। एक्स-रे जांच की संख्या कम होने पर कलेक्टर ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए वनरेबल आबादी की शत-प्रतिशत एक्स-रे जांच सुनिश्चित करने और अप्रैल माह के अंत तक एक्स-रे जांच में 20 प्रतिशत वृद्धि करने के निर्देश दिए।

मातृ स्वास्थ्य समीक्षा में एएनसी में पंजीकरण के बाद संस्थागत प्रसव में अंतर तथा एचआई एमएस पोर्टल में एंट्री कम होने पर कलेक्टर ने नाराज़गी व्यक्त की और तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए। नियमित टीकाकरण की समीक्षा में यू-विन पोर्टल में कम एंट्री पर कलेक्टर ने संबंधित बीएमओ और बीपीएम को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

एनआरसी की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि एनआरसी में शत-प्रतिशत ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित हो तथा भर्ती हितग्राहियों को समय पर भुगतान दिया जाए। मातृ एवं शिशु मृत्यु के मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर रहते हुए त्वरित उपचार सुनिश्चित करे, ताकि ऐसे मामलों पर पूर्णतः रोक लगाई जा सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्री-बर्थ वेटिंग रूम स्थापित करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने नोडल अधिकारी नियुक्त करने और उनके मोबाइल नंबर सार्वजनिक करने को कहा। प्रधानमंत्री राहत दुर्घटना सहायता राशि और नए भवनों को एनक्यूएएस प्रमाणन के लिए तैयार करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




वीडियोग्राफी का काम करने वाला एक 22 वर्षीय युवक अपना काम निपटाकर देर रात मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर जा रहा था कि मुड़ापार बाईपास मार्ग पर पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक के द्वारा तेजी व लापरवाहीपूर्वक पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। देर रात घटना की सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस घटना स्थल पहुंची और युवक को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्रशिक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- मुड़ापार से वीडियोग्राफी कर वापस लौट रहा था युवक
- अस्पताल में परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

जानकारी के अनुसार सिविल लाईन रामपुर क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी में निवासरत गौरव श्रीवास 23 वर्ष पिता रमाशंकर श्रीवास वीडियोग्राफी का काम करता था और शुक्रवार की देर शाम वह अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 डीजे 3027 में सवार होकर वीडियोग्राफी के काम के सिलसिले से मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुड़ापार गया हुआ था जहां देर रात लगभग 12 बजे मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर जा रहा था कि मुड़ापार बाईपास मार्ग पहुंचा था कि सामने से आ रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एंटी 6377 की चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिसे गौरव श्रीवास के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर दल बल सहित मौके पर पहुंचे और जीवित होने की उम्मीद से गौरव श्रीवास को उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षणों परंतु से गौरव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

# पीडीएस दुकान संचालक के रवैया से परेशान वार्डवासियों ने पार्षद के नेतृत्व किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा


चक्काजाम करते आक्रोशित वार्डवासी।

कुदरीपारा वार्ड क्र. 15 हेतु 2 नम्बर बस्ती में संचालित राशन सोसाइटी के संचालक द्वारा मनमानी ढंग से दुकान संचालन करने पर नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद बाँकीमोंगरा एवं पार्षद मधुसूदन दास के नेतृत्व में किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय आज़ाद, पार्षद संदीप डहरिया के उपस्थिति में मुख्य मार्ग में चक्काजाम किया गया है। लगभग यह 2-3 घंटे के लंबी जाम के बाद तहसीलदार, खाद्यय अधिकारी एव थाना प्रभारी के मौजूदगी में सभी माँगों पर उचित कार्यवाही के एवं सोसाइटी संचालक को समझाईस देने के बाद चक्काजाम को समाप्त किया गया। इस दौरान पार्षद मधुसूदन दास ने बताया की यह कई वर्षों से चला आ रही समस्या है सोसाइटी संचालक द्वारा दुर्व्यवहार, समान देने में पक्षपात होता आ रहा है घनी आबादी वाला क्षेत्र है कुदरीपारा वार्ड जहाँ काफी मात्रा में राशन कार्ड धारी है उनके लिए सोसाइटी का संचालन कुदरीपारा में ही शासन को व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे स्लम बस्ती के अनुसार ही वितरण किया जा सके। वहीं सोसाइटी संचालक का कहना है आरोप निराधार है पिछले महीने से शासन से सही तरीके से राशन नहीं पहुँचने के कारण इस तरीके की बाते हो रही है इससे पहले को दिकत नहीं आई राशन सही समय पर एवं एक साथ नहीं आने के कारण लोगों को तकलीफ हुई है।

# कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग में ओवरस्पीड पर ट्रैफिक पुलिस की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेशनल हाईवे क्रमांक 130 कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। अलग-अलग प्वाइंट पर स्पीडोमीटर (स्पीड गन) के जरिए वाहनों की रफ्तार पर नजर रखी जा रही है। निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार पाए जाने पर सीधे ई-चालान जारी किया जा रहा है।

शुक्रवार को पाली-बांगो रोड पर ट्रैफिक पुलिस की टीम स्पीडोमीटर के साथ तैनात रही। इस मार्ग पर सामान्य और भारी वाहनों की आवाजाही 24 घंटे बनी रहती है। विशेषकर सुबह के समय कई वाहन चालक तेज रफ्तार में वाहन चलाते पाए जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। हाल के दिनों में हाईवे पर हुई घटनाओं ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान फिर से इस दिशा में केंद्रित किया है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 67/ब-121/2025-2026
ग्राम- चांपा तहसील-चांपा

आवेदक श्री शांति लाल देवांगन उम्र 33 वर्ष पिता श्री परदेशी लाल देवांगन निवासी चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका प्रियंका उम्र 26 वर्ष पिता श्री लल्लू राम देवांगन निवासी ग्राम कुरदा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

**छत्तीसगढ़ शासन**

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शांति लाल देवांगन उम्र 33 वर्ष पिता श्री परदेशी लाल देवांगन निवासी चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका प्रियंका उम्र 26 वर्ष पिता श्री लल्लू राम देवांगन निवासी ग्राम कुरदा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 19.03.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.02.2026 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क................../अ-19 (3)/2025-26
ग्राम चांपा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोमन कैथोलिक समुदाय एवं कब्रिस्तान निर्माण समिति चांपा, तहसील चांपा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) अध्यक्ष हिलारियुस मिंज द्वारा ग्राम चांपा खसरा नंबर 1072/1 भूखण्ड में से कम से कम 1 हे. जमीन रोमन कैथोलिक समुदाय तहसील चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) को कब्रिस्तान हेतु आबंटित किये जाने प्रस्तुत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 20.03.2026 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक 20.02.2026
पेशी दिनांक 20.03.2026

**तहसीलदार चांपा**

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय जांजगीर जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं धनेश्वर लाल सर्वे (DHANESHWAR LAL SARVE) उम्र 65 वर्ष पिता का नाम - स्व. छेदीलाल सर्वे (CHHEDILAL SARVE) निवासी ग्राम कचंदा वार्ड नं. 09 तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. का निवासी हूँ जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ:-

01:- यह कि मैं ग्राम कचंदा तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. का मूल निवासी हूँ तथा मेरा नाम धनेश्वर लाल सर्वे (DHANESHWAR LAL SARVE) पिता छेदीलाल सर्वे (CHHEDILAL SARVE) है। किन्तु मेरे आधार कार्ड नं. 3276 0109 1814 मे मेरा नाम धनेश्वर लाल कश्यप (DHANESHWAR LAL KASHYAP) पिता का नाम स्व. छेदीलाल कश्यप (CHHEDILAL KASHYAP) लिखा है जो त्रुटि पूर्ण दर्ज है। 02. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 3276 0109 1814 में दर्शित मेरा नाम धनेश्वर लाल कश्यप (DHANESHWAR LAL KASHYAP) पिता का नाम स्व. छेदीलाल कश्यप (CHHEDILAL KASHYAP) मे आवश्यक सुधार कर / परिवर्तित कर उसे धनेश्वर लाल सर्वे (DHANESHWAR LAL SARVE) पिता छेदीलाल सर्वे (CHHEDILAL SARVE) अंकित करवाना चाहता हूँ। 03. यह कि मेरा नाम धनेश्वर लाल सर्वे (DHANESHWAR LAL SARVE) पिता छेदीलाल सर्वे (CHHEDILAL SARVE) का प्रकाशन छत्तीसगढ़ शासन के राजपत्र में करने के लिए प्रस्तुत है। 04. यह कि मैं अपने आधार कार्ड नं. 3276 0109 1814 में अपने नाम पर आवश्यक सुधार/ परिवर्तन करने हेतु उक्ताशय के समर्थन मे मोजूदा शपथ पत्र श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर के समक्ष सादर प्रस्तुत कर रहा हूं।

**धनेश्वर लाल सर्वे - सत्यापनकर्ता**

**शपथकर्ता**

मैं धनेश्वर लाल सर्वे (DHANESHWAR LAL SARVE) उम्र 65 वर्ष पिता छेदीलाल सर्वे (CHHEDILAL SARVE) शपथकर्ता यह घोषित करता हूँ कि शपथ पत्र कि कण्डिका 01 से 04 तक मे दी गई समस्त जानकारी मेरे अनुसार सही एवं सत्य जिसे पढ़कर सुनकर एवं समझकर सही होना स्वीकार कर अपना हस्ताक्षर किया।

स्थान:- जांजगीर
दिनांक:/..../2026

**धनेश्वर लाल सर्वे - सत्यापनकर्ता**

# लाख पालन से कटघोरा वन मंडल के किसान हो रहे मालामाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


लाख पालन का प्रशिक्षण लेते किसान।

कटघोरा वन मंडल में किसानों द्वारा लगातार लाख पालन किया जा रहा है और लाख पालन कर किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं और मालामाल भी हो रहे हैं। लघु वनोपज सहकारी समिति जटगा रावा, लाफा सहित आसपास के गांव में बसने वाले सौ से अधिक किसानों ने कुसुम व बेर में लाख पालन किया है और लगभग 17 लाख रुपए ब्रिकी की जा चुकी है।

लाख से प्राप्त राल के हानि रहित गुणों के कारण इसका महत्व रासायनिक यौगिकों के रालों से अधिक है। लाख कीटों द्वारा उत्पादित रॉल से लाख एवं इसके अतिरिक्त मोम और सुन्दर लाल रंग सह उत्पाद के प्राप्त होते हैं, जिनका व्यावसायिक महत्व है। आज न केवल लाख सज्जा के लिए उपयोगी है, अपितु इसका उपयोग औषधि, खाद्य पदार्थ, विद्युत सामग्री निर्माण, सूक्ष्म रसायन एवं सुगंध उद्योग में भी किया जाता है। लाख के कीट कुछ विशेष पोषक वृक्षों एवं पौधों पर पाले जाते हैं तथा ये पोषक पादप के रस चूसकर अपना भोजन प्राप्त करते हैं। विश्व में लाख कीटों की अनेक जातियाँ पायी जाती है, वन मण्डल कटघोरा के कार्यक्षेत्र कटघोरा, एतमानगर एवं पाली परिक्षेत्र के अन्तर्गत लाख पालन हेतु उपयुक्त वृक्ष कुसुम प्रचुर मात्रा में विद्यमान है। वर्तमान वर्ष में लाख पालन परियोजना अंतर्गत मुख्य वन संरक्षक एवं प्रबंध संचालक जिला युनियन कटघोरा कुमार निंशात के दिये गये निर्देश के तहत हाथी प्रभावित क्षेत्र प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति बंधापारा के ग्राम पाथा एवं छिंदमेर के 25 कृषकों के कुल 56 कुसुम एवं बेर वृक्ष में कुल 2.00 क्विंटल कुसुमी बीहन लाख संचरण किया गया है। जिससे लगभग 16 क्विंटल लाख उत्पादन होने कि संभावना है। लाख कृषकों द्वारा उक्त लाख विक्रय करने पर लगभग राशि 17 लाख रूपये आय अर्जित होगा।

### कनबेरी में संकुल स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन

**कोरबा।** शाला स्तर पर आयोजित विज्ञान मेला प्रदर्शनी के उपरांत चयनित मॉडलों के साथ संकुल केंद्र कनबेरी में संकुल स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए चयनित मॉडलों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। सभी शालाओं की सहभागिता रही तथा ग्रामीणों और पालकों ने आयोजन की सराहना की। विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# फिल्म 'स्पिरिट' से विवेक का पहला पोस्टर जारी...

**मुंबई।** प्रभास की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' मार्च, 2027 में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए उतरेगी। फिल्म के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने अभी से माहौल सेट करना शुरू कर दिया है। नए साल के मौके पर, 1 जनवरी को फिल्म से पहली तस्वीर सामने आई थी जिसमें प्रभास और तृप्ति डिमरी की झलक देखने को मिली थी। अब फिल्म से विवेक ओबेरॉय का पहला आधिकारिक पोस्टर जारी कर दिया गया है। 'स्पिरिट' से विवेक का पहला लुक जारी करते हुए कैप्शन दिया गया, 'अंधेरे में छिपा एक रहस्य और वो आंखें जो सबसे गहरे राज याद रखती हैं।'

लाइफ Style

# कीर्ति

## अब खलनायिका बनकर मचाएंगी तहलका

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'पिंक', 'इंदु सरकार' और 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' जैसी फिल्मों-सीरीज से दर्शकों का दिल जीतने वाली कीर्ति कुल्हारी नई भूमिका को लेकर चर्चा में आ गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि फैंस इस बार उन्हें नकारात्मक किरदार में देखेंगे।

पिछले साल अभिनेत्री ने राकेश सैन के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'चकोर बन' की शूटिंग शुरू की है। इसके बाद से फैंस फिल्म से जुड़े अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति को फिल्म 'चकोर बन' में मुख्य खलनायिका (या मुख्य प्रतिपक्षी) के लिए चुना गया है जो उनके लिए एक नया अनुभव होगा। फिल्म को बनाने के लिए राकेश बतौर सहायक और एसोसिएट निर्देशक बनकर, दिग्गज निर्देशक श्रीराम राघवन के साथ काम कर रहे हैं। पहले भी उन्होंने 'एक हसीना थी', 'एजेंट विनोद', 'बदलापुर', 'अंधाधुन' और 'मेरी क्रिसमस' जैसी कई फिल्मों में अपना पूरा सहयोग दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति ने अपनी एक अन्य फिल्म 'किनारे' की शूटिंग पूरी कर ली है। यह उनकी पहली फीचर फिल्म है जिसे उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी किंटसुकुरोई फिल्म्स के बैनर तले निर्मित किया है। फिल्म का निर्देशन अकबर आजम कादरी ने किया है, जबकि कहानीकार भी वह खुद हैं। कास्ट में कीर्ति के अलावा, अभिनेता राजीव सिद्धार्थ, रवि तनेजा और अलका अमीन जैसे सितारे हैं। फिलहाल फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है और इसी साल रिलीज हो सकती है।



## हॉलीवुड मसाला



# टेलर व ट्रैविस करने जा रहे शादी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट अपनी निजी और कामकाजी जिंदगी को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। अगस्त, 2025 में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्स के साथ सगाई की थी। उस वक्त से चर्चा थी कि दोनों 2026 में एक-दूसरे के साथ शादी करके अपने रिश्ते को एक कदम आगे बढ़ा सकते हैं। ताजा जानकारी में पता चला है कि टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी की तारीख को पक्का कर लिया है। दोनों जून में शादी करने जा रहे हैं। रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि टेलर और टैविस 13 जून, 2026 को अमेरिका के रोड आइलैंड में शादी करने जा रहे हैं।



# नई फिल्म को मिला नाम शूटिंग होगी शुरू

**मुंबई।** शनाया कपूर ने अपनी हालिया रिलीज एडवेंचर-थ्रिलर फिल्म 'तू या मैं' से सुर्खियां बटोरी थीं। इसमें उनके साथ आदर्श गौरव मुख्य किरदार में थे, लेकिन दर्शकों का दिल जीतने में यह बुरी तरह से नाकामयाब साबित हुई। इस बीच, शनाया अगली फिल्म को लेकर चर्चाओं में आ गई हैं जिसके शीर्षक का खुलासा आखिरकार हो गया है। फिल्म के निर्माता विकेश भूटानी हैं जिन्होंने आधिकारिक तौर पर शीर्षक का खुलासा कर दिया है। मिड-डे की रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता भूटानी ने बातचीत के दौरान बताया है कि आगामी कॉमेडी फिल्म का शीर्षक 'जैकब कार्डोसो' रखा गया है। शनाया के अलावा, फिल्म में अभय वर्मा मुख्य किरदार में दिखाई देंगे, जिन्हें 'मुंज्या' से लोकप्रियता मिली थी।




# मृणाल की 'डकैत' का पहला गाना जारी

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष की आगामी फिल्म 'डकैत- एक प्रेम कथा' लंबे समय से चर्चा में है। पहले इसे मार्च, 2026 में रिलीज किया जाना था, लेकिन अब फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इस बीच, लोगों की उत्सुकता को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने पहला गाना 'रूबरू' जारी कर दिया है। गाने को हिंदी और तेलुगु भाषाओं के साथ डब किया गया है, जो सोनी म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध हो चुका है। 'रूबरू' को फहीम अब्दुल्लाह ने आवाज दी है। इसमें उनका साथ चिन्मयी श्रीपदा ने दिया है। गाने का संगीत भीम्स सेसिरोलियो ने तैयार किया है, जबकि बोल रितेश रजवाड़ा ने लिखे हैं। बता दें, फिल्म 'डकैत' का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। इसकी कहानी प्यार, धोखे और बदले के इर्द-गिर्द घूमती है।



# शो 'द वायर' के अभिनेता बॉबी जे ब्राउन नहीं रहे

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ के टीवी शो 'द वायर' से लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता बॉबी जे. ब्राउन का निधन हो गया है। उन्होंने 62 साल की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। इस दुखद खबर की पुष्टि अभिनेता की बेटी की ओर से की गई। उनकी बेटी ने बताया कि 24 फरवरी, यानी को मैरीलैंड में एक खलिहान में आग लग गई थी। इसके धुंए के कारण दम घुटने से अभिनेता की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरीलैंड के मुख्य चिकित्सा परीक्षक कार्यालय की ओर से बताया गया कि, 'ब्राउन की मौत का कारण उनके शरीर में फैली गर्मी और दम घटना था। हमें बताया गया कि मौत एक दुर्घटना थी।' बताया जाता है कि खलिहान में आग उस वक्त लगी, जब अभिनेता अपनी गाड़ी स्टार्ट करने पहुंचे थे। जब तक अग्निशामक यंत्र वहां पहुंचे, आग पूरी तरह से फैल चुकी थी।

## टीवी मसाला



# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी कृतिका

**नई दिल्ली।** टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें।

## करण कुंद्रा के सीने पर तेजस्वी प्रकाश का टैटू, ये परमानेंट है या एआई का कमाल?

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर कपल 'तेजरन' यानी तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा को फैंस काफी पसंद करते हैं। बिग बॉस के बाद से दोनों की जोड़ी हिट है। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें फैंस ने नोटिस किया कि करण कुंद्रा ने सीने तेजस्वी का चेहरा टैटू करवा रखा है। वीडियो वायरल हुआ तो चर्चाएं शुरू हो गईं, लोग जानने के लिए बेताब हो गए कि ये परमानेंट है या एआई जनरेटेड फेक इमेज हैं। हालांकि, करण के इस रोमांटिक जेस्चर पर प्यार लुटा रहे हैं। इवेंट की तस्वीरें और वीडियो सामने आते ही फैंस के बीच इस टैटू को लेकर बहस छिड़ गई कुछ फैंस ने इसे असली प्यार का इजहार बताया तो कुछ ने इसे एआई जनरेटेड फोटो करार दे दिया। इसी कन्फ्यूजन को दूर खुद करण कुंद्रा ने किया। करण कुंद्रा ने बताया कि ये तेजस्वी के चेहरे का टैटू तो है, लेकिन ये परमानेंट नहीं है। यह टैटू तेजस्वी के डेब्यू ओटीटी शो 'साइको सैयां' के प्रमोशन के लिए बनवाया गया। उन्होंने कहा कि मैंने अपना सपोर्ट दिखाने के लिए ये किया।



# रश्मिका- देवरकोंडा की राजसी शादी 10 महीने में तैयार हुए किलोभर सोने के गहने

*__मुंबई।__ उदयपुर में रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी सिर्फ एक उत्सव नहीं थी, बल्कि भव्यता और शाही ठाट-बाट का जश्न था, लेकिन इस राजसी चमक के पीछे छुपा है कारीगरों का 10 महीने का कड़ा परिश्रम। हर गहना शादी को यादगार बनाने के लिए बारीकी से तैयार किया गया, जो इसे वाकई एक राजसी अनुभव बनाता है। आइए जानते हैं इन गहनों से जुड़ी कुछ और दिलचस्प और अनसुनी बातें।*

### रश्मिका- विजय की शादी में सोने की चमक

विजय और रश्मिका की शादी में सबसे ज्यादा ध्यान खींचा उनके किलोभर वजनी सोने के गहनों ने। मांग टीके और बाजूबंद से लेकर पैरों की पायल तक, रश्मिका-विजय दोनों ने अपनी शादी के लिए भारी-भरकम मंदिर वास्तुकला से प्रेरित गहने चुने। रश्मिका ने सोने की चेन वाले झुमके पहने थे, जो पीछे बालों तक जुड़े हुए थे। उनके हाथों में सोने की चूड़ियों का ढेर, कड़े और हाथफूल भी थे, जो उनके लुक को और भी भव्य बना रहे थे।



### आधुनिक फैशन और प्राचीन संस्कृति का संगम

इस जोड़ी ने अपनी शादी के लिए खास 'टेंपल-स्टाइल' (मंदिर वास्तुकला शैली) के गहनों को चुना, जिन्हें तैयार करने में कारीगरों को पूरे 10 महीने का समय लगा। किलोभर सोने से बने इन आभूषणों पर देवी-देवताओं और पौराणिक प्रतीकों की बेहद बारीक नक्काशी की गई है। गले में सजे भारी हार से लेकर हाथों के कड़ों तक, रश्मिका और विजय का ये 'शाही लुक' आधुनिक फैशन और प्राचीन संस्कृति का एक अद्भुत मेल है।

### हर गहने में शाही नक्काशी का कमाल

विजय ने राजाओं जैसा लुक अपनाया, गले में भगवान लक्ष्मी की नक्काशी वाला नेकलेस, हाथों में 'थानोस' स्टाइल ब्रेसलेट्स, बाजूबंद और पैरों में सोने के कड़े पहने। रश्मिका के 11 विशेष आभूषणों को तैयार करने में कारीगरों ने 10 महीने का लंबा समय लिया। इस 'विरोश' जोड़ी ने करीब 2 किलो से भी ज्यादा वजन के पारंपरिक सोने के गहने पहने थे।

# प्रियंका के जबरदस्त किरदार, एक के लिए निर्देशक ने देखते ही कर दिया था इंकार

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' की हर तरफ चर्चा हो रही है, जहां वो एक समुद्री डाकू के बेहद चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आ रही हैं। फिल्म में उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। प्रियंका की मेहनत ने साबित कर दिया है कि चाहे 'बर्फी' की मासूम झिलमिल हो, 'बाजीराव मस्तानी' की स्वाभिमानी काशीबाई या अब 'द ब्लफ' की योद्धा, प्रियंका हर किरदार में जान फूंकना जानती हैं। एक नजर प्रियंका के दमदार किरदारों पर।



***'बर्फी' (झिलमिल) :*** साल 2012 में आई फिल्म 'बर्फी' में झिलमिल की भूमिका के लिए जब प्रियंका निर्देशक से मिलने पहुंचीं तो उन्हें देखते ही निर्देशक ने ये कहकर मना कर दिया कि वो इस रोल के लिए बहुत 'ग्लैमरस' हैं। हालांकि, प्रियंका की कड़ी मेहनत ने निर्देशक को अपना फैसला बदलने पर मजबूर कर दिया। नतीजा ये हुआ कि जब फिल्म पर्दे पर आई तो उसी ठुकराए गए किरदार ने भारतीय सिनेमा में अभिनय की एक नई मिसाल कायम कर दी।

***'मैरी कॉम' (मैरी कॉम) :*** 'मैरी कॉम' में प्रियंका ने अपनी ताकत और जुनून से दर्शकों को हिला दिया था। दिग्गज मुक्केबाज मैरी कॉम की इस बायोपिक फिल्म के लिए प्रियंका ने खुद को पूरी तरह बदल लिया था। इस रोल के लिए प्रियंका ने न केवल मुक्केबाजी सीखी, बल्कि अपने शरीर को भी एक एथलीट की तरह ढाला। पर्दे पर उन्होंने अपनी भूमिका को इतनी शिद्दत से जिया कि दर्शकों को लगा जैसे वो खुद मैरी कॉम को रिंग में लड़ते देख रहे हैं।

***'फैशन' (मेघना माथुर) :*** प्रियंका की फिल्म 'फैशन' ने उनके करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया था। इसने ने सिर्फ प्रियंका को उनके करियर का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिलाया, बल्कि बॉलीवुड में अभिनेत्री होने की परिभाषा भी बदल दी। फिल्म में प्रियंका ने मेघना माथुर' का किरदार निभाया था, जिसने एक छोटे शहर की लड़की से सुपरमॉडल बनने और फिर अर्श से फर्श पर गिरने के दर्दनाक सफर को दिखाया। अभिनेत्री कंगना रनौत ने इस फिल्म में सहायक भूमिका निभाई थी।

# सिनेमाघरों से ओटीटी तक कोहराम, मार्च में रिलीज हो रहीं 'धुरंधर 2' समेत 5 धमाकेदार फिल्में...

*__मुंबई।__ साल 2026 का मार्च महीना भारतीय सिनेमा के लिए किसी ब्लॉकबस्टर उत्सव से कम नहीं होने वाला है। इस महीने जहां बड़े पर्दे पर रणवीर सिंह अपनी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' के साथ तहलका मचाएंगे, वहीं अनिल कपूर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी फिल्म 'सूबेदार' के जरिए एक फौजी के दमदार अंदाज में दर्शकों का दिल जीतेंगे। आइए जानते हैं मार्च के महीने में कौन-सी फिल्म कब रिलीज हो रही है।*

**'धुरंधर 2':** साल 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2' मार्च के महीने में सिनेमाघरों में तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। आदित्य धर के निर्देशन में बन रही ये फिल्म न केवल एक सीक्वल है, बल्कि भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े एक्शन प्रोजेक्ट्स में से एक मानी जा रही है। फिल्म 19 मार्च को दर्शकों के बीच आने वाली है। सीक्वल में 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के कलाकार विक्की कौशल और यामी गौतम भी नजर आ सकती हैं।



**'टॉक्सिक' :** 'धुरंधर 2' को सीधी टक्कर देने के लिए साउथ के रॉकिंग स्टार यश अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिक' के साथ मैदान में उतर रहे हैं। '**KGF**' फ्रैंचाइजी की ऐतिहासिक सफलता के बाद दर्शकों की नजरें यश के इस अगले कदम पर टिकी हैं। ये फिल्म ठीक उसी दिन रिलीज हो रही है, जिस दिन 'धुरंधर 2' आ रही है। बॉक्स ऑफिस पर ये 'यश बनाम रणवीर सिंह' की जंग साल 2026 का सबसे बड़ा 'सिनेमाई युद्ध' साबित होने वाली है।

**'मैसा':** रश्मिका मंदाना की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मैसा' को लेकर भी मार्च 2026 के कैलेंडर में जबरदस्त सुगबुगाहट है। रश्मिका इस फिल्म में एक बिल्कुल नए और शक्तिशाली अवतार में नजर आएंगी। 'मैसा' उनके करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण फिल्मों में से एक मानी जा रही है। ये फिल्म एक ऐसी महिला की कहानी है, जो अपनी ताकत और साहस के दम पर समाज की बेड़ियों को तोड़ती है। 20 मार्च, 2026 को इस फिल्म के सिनेमाघरों में आने की चर्चा है।

***'सूबेदार' और 'चरक' :*** *जहां एक तरफ मार्च में 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' जैसी बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में टकरा रही हैं, वहीं अनिल कपूर अपनी फिल्म 'सूबेदार' के साथ 5 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर धमाका करने को तैयार हैं। उधर 'द केरल स्टोरी' और 'बस्तर' जैसी प्रभावशाली फिल्में देने वाले निर्देशक सुदीप्तो सेन अब अपनी नई फिल्म 'चरक' के साथ एक बार फिर दर्शकों को झकझोरने के लिए तैयार हैं।उनकी ये फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।*

# 'मालामाल वीकली 2' में लौटेगी रितेश, परेश-राजपाल की तिकड़ी, फिर मचेगा धमाल



मुंबई। रितेश देशमुख, परेश रावल और राजपाल यादव की फिल्म 'मालामाल वीकली' साल 2006 में रिलीज हुई थी। ताजा जानकारी में पता चला है कि इसकी दूसरी किस्त लाने की तैयारी चल रही है। जाहिर है कि 'हेरा फेरी', 'भागम भाग' और 'खोसला का घोसला' जैसी कल्ट फिल्मों का सीक्वल आने के लिए तैयार है। ऐसे में, 20 साल पहले आई 'मालामाल वीकली' की दूसरी किस्त आना फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम साबित नहीं होगा। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया, 'मालामाल वीकली 2' के लिए बातचीत शुरू हो गई है। फिल्म पर काम कर रही टीम को एक बेहतरीन आइडिया मिला है जो इस फिल्म के दूसरे भाग के लिए बिल्कुल सही होगा। उन्होंने आगे बताया, यह सीधा सीक्वल नहीं है। इस बार किरदार और पृष्ठभूमि अलग होंगे, लेकिन पहले भाग की तरह ही, यह लालची ग्रामीणों के एक समूह के बारे में होगा।

## खबर संक्षेप

### कक्षा ग्यारहवीं के छात्र ने सौरभ सिंह को भेंट किया हाथ से बनाया पोर्ट्रेट



**अकलतरा।** राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्र गौरव भंनेट ने छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह को शाला आगमन पर स्वयं के द्वारा बनाया गया उनका पोर्ट्रेट उन्हें भेंट किया। छात्र द्वारा बनाए गए पोर्ट्रेट को देखकर भावविभोर होते हुए सौरभ सिंह ने कहा कि यह युवाओं के मन मे उनके प्रति लगाव एवम सम्मान का परिचायक है और इस तरह की भेंट उन्हें क्षेत्र के लिए नई ऊर्जा से काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होंने छात्र की कला की भूरी भूरी प्रसंशा करते हुए उसे अपनी कला को आगे बढाने के लिए प्रोत्साहित किया एवम आस्वाशन दिया कि यदि उसे किसी भी सहायता की आवश्यकता हो तो वे करने के लिए सहर्ष तैयार हैं। इस अवसर पर संस्था के सचिव ईश्वर खंडेलिया प्राचार्य आर के विश्वकर्मा के साथ ही समस्त शिक्षक उपास्थित थे।

### जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बने मनोज खरे



**पामगढ़।** डॉ चरणदास महंत नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं श्रीमती ज्योत्सना महंत सांसद कोरबा तथा दीपक बैज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के अनुमोदन से राजेश अग्रवाल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा द्वारा मनोज खरे नोटरी अधिवक्ता पामगढ को महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी मनोनित किया गया है। ज्ञात हो कि मनोज खरे के दादा स्व पंडित बहोरीक लाल सूर्यवंशी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पामगढ़ के प्रथम विधायक रहे है और उनसे प्रेरणा लेकर एनएसयूआई से जुड़ कर राजनीति में प्रवेश कर कांग्रेस संगठन मे रह कर प्रदेश,जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस संगठन के अनेक पदों में रह कर कांग्रेस पार्टी को मजबूत प्रदान किए है। साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ कर लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं। उनके इन्हीं अनुभवों को देख कर कांग्रेस पार्टी ने पुनः जिम्मेदारी दी है इनके मनोनयन से पामगढ़ क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

### दीक्षांत समारोह में डॉ सुनील जायसवाल ने प्राप्त की मेडिसिन विशेषज्ञ की डिग्री



**चांपा।** राजा पारा चाम्पा निवासी डॉ. सुनीलकुमार जायसवाल ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुशंसा अनुसार एवं छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अनुमोदन तथा आदेशानुसार विभागीय रूप से चयनित होकर भारत के सुप्रसिद्ध क्रिश्चन मेडिकल कालेज वेल्लोर से डिप्लोमा इन फेमिली मेडिसिन का दो वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फेमिली मेडिसिन कोर्स सफलता पूर्वक पूर्ण किया। उत्तीर्ण करने मेडिसिन विशेषज्ञ बनकर दीक्षांत सामारोह आयोजन में छ ग शासन के स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में मेडिसिन विशेषज्ञ की डिग्री प्राप्त कर नगर, समाज, परिवार का नाम रोशन किया है। डॉ. सुनील की इस उपलब्धि पर पिता शिवकुमार जायसवाल, माता श्रीमती सत्यभामा जायसवाल सहित नगरवासियों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

### कांग्रेस कमेटी की जिला सचिव बनी नम्रता



**बहेराडीह।** छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अनुसंशा पर नम्रता नामदेव को जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल की टीम में नम्रता नामदेव को सचिव जैसे अहम जिम्मेदारी पार्टी के प्रति उनके समर्पण और पूरे क्षेत्र मे सक्रिय रूप से जनहित के काम करने के कारण दी गयी है। इसके पूर्व वे जिला महिला कांग्रेस मे महामंत्री, जनपद उपाध्यक्ष, जिला कौशल विकास प्राधिकरण मे सदस्य और जिला लेंगिक उत्पीड़न निवारण समिति की सदस्य के रूप मे उन्होंने काम किया है।

### अत्यधिक शराब सेवन से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** अत्यधिक शराब सेवन की वजह से 43 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## निधन

### उदसिया देवी ठाकुर



**अकलतरा।** ग्राम कोटमी सोनार के प्रतिष्ठित नागरिक स्वर्गीय विश्राम सिंह की धर्मपत्नी उदसिया देवी ठाकुर का 93 वर्ष की आयु में रविवार 1 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में हुआ। वे ओम सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह की मां थीं।

## खरीददारी करने पहुंचने लगे लोग, पुलिस प्रशासन भी जुटा तैयारियों में

# रंग-गुलाल, पिचकारी से सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

रंगों का त्योहार होली बुधवार 4 मार्च को मनाया जाएगा। इसको लेकर रंगों का बाजार सज गया है। बाजार में एक से बढ़ कर एक पिचकारी दिखायी पड़ रही है। इस वर्ष बाजार में केमिलल रंग के साथ -साथ फूलों के पंखुड़ियों से बनने वाले रंग की मांग ज्यादा है। बाजार में रंग-अबीर, पिचकारी के साथ-साथ आकर्षक मुखौटे भी दिखायी पड़ रहे हैं। इस बार बाजार में कई प्रकार की डिजाइन वाली पिचकारी उपलब्ध है। इसकी कीमत 40 रुपये से 350 रुपये तक है।

गौरतलब है कि रंगों का पर्व होली बुधवार 4 मार्च को मनाई जाएगी। शहर सहित अन्य जगहों पर रंग-गुलाल पिचकारी की दुकानें सज गई है, जहां लोग खरीददारी करने पहुंच रहे है। मंगलवार 3 मार्च को जगह-जगह होलिका दहन किया जाएगा। इधर पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था को लेकर जुट गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा जगह-जगह शांति समिति की बैठक लेकर लोगों को शांतिपूर्वक होली मनाने अपील की जा रही है। होली में हुड़ंदग करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर सभी थाना एवं चौकियों में चीता स्क्वायड टीम व पेट्रोलिंग पार्टी का गठन किया गया है। होली के एक दिन पहले से ही पेट्रोलिंग पार्टी गलियों तक में पहुंचेगी। होली पर्व को लेकर बच्चों में व युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। खासकर बच्चे अपने लिए रंग-बिरंगी पिचकारियों के साथ-साथ गुलाल एवं मुखौटे की खरददारी शुरु कर दी है। वहीं लकड़ियों को खेत एवं घरों से लाकर होलिका दहन के जगह में रखा जा रहा है।



जिला मुख्यालय के कचहरी चौक पर सजा रंग-गुलाल व पिचकारी की दुकान।

### बच्चों को लुभा रही खिलौने वाली पिचकारी

बच्चों को दुकानों पर खिलौने वाली पिचकारी भा रहीं हैं। त्योहार से पहले ही दुकानदारों ने बच्चों की मांग के अनुसार बेचने के लिए पिचकारियों को मंगाया गया है। दुकानों पर पहुंच रहे बच्चे खिलौने वाली पिचकारियों की ज्यादा मांग कर रहे हैं। होली सामनों के विक्रेताओं ने बताया कि दुकानों पर रखी रंग-बिरंगी पिचकारी बच्चों को लुभा रही हैं। दुकानों पर प्लास्टिक की सादा पिचकारी 50 से 300 रुपये, खिलौने वाली प्लास्टिक की पिचकारी 100 से 400 रुपये, स्टील की पिचकारी 300 से 500 रुपये, स्टील का फुब्बारा 300 से 800 रुपये तक की रेंज में मिल रहा है। बच्चों को इस बार भी खिलौने वाली पिचकारी ही भा रही हैं। इस बार पिचकारी 20 रुपये से लेकर 300 रुपये तक महंगी हुई है। होली पर पिचकारियों की मांग रहती है। पीतल की बड़ी पिचकारी मांग के अनुसार ही मंगाई जाती है। इस बार भी इसकी मांग है। बाजार में ज्यादातर पिछले वर्ष का स्टॉक है। छोटा भीम, मोटू पतलू, टोम एंड जैरी, मोदी, योगी, टैंक, डोरेमोन कार्टून पात्रों की की पिचकारी बाजार में उपलब्ध हैं। इसके अलावा बाजार में केमिलल रंग के साथ -साथ फूलों के पंखुड़ियों से बनने वाले रंग की मांग ज्यादा है। अबीर में आरारोटवाला सुगंधित अबीर-गुलाल उपलब्ध हैं। बाजार में पैकेट के अनुसार इसकी कीमत निर्धारित की गयी है।



## संवेदनशील इलाकों में पुलिस की रहेगी पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

4 मार्च को होली के अवसर पर नगर में सौहार्द बनाए रखने के लिए नगर शांति समिति की बैठक का आयोजन पुलिस थाना परिसर मे नायब तहसीलदार प्रशांत गुप्ता , राजीव सिंह,एसडीओपी प्रदीप सोरी, थाना प्रभारी भास्कर शर्मा की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि होली त्योहार पर सौहार्द को बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। त्योहार के दिन आपस में प्रेम एवं भाईचारा बढ़ना चाहिए ना की कोई विवाद होना चाहिए। 4 मार्च को नगर एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ,पुलिस ,स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका एवं समस्त विभागों की टीम मुस्तैद रहेगी। पुलिस के द्वारा सड़कों पर टायर जलाने की घटना पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई। नगर वासियों ने कहा कि बार-बार शांति समिति की बैठक होती है लेकिन अवैध शराब विक्रेताओं पर ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है। इस होली में अवैध शराब विक्रेताओं पर ठोस कार्रवाई करते हुए पुलिस को उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। नगर के संवेदनशील इलाकों में बाज टीम के द्वारा सतत गस्त लगाया जाए। ट्रिपल सवारी ,तेज वाहन चालन एवं कानफोडू नगाड़े एवं डीजे के शोर पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है। मुख्य मार्ग पर अंधाधुंध स्पीड में गाड़ी चलाई जाती है जिसे जगह जगह पर बैरिकेडिंग कर नियंत्रित किया जाए। अग्रसेन चौक से अंबेडकर चौक ,आजाद चौक ,शास्त्री चौक एवं स्टेशन चौक तक स्टॉपर लगाकर स्पीड को नियंत्रित किया जाए।

■ होली त्यौहार के दौरान सौहार्द बनाए रखने के लिए नगर शांति समिति की बैठक आयोजित

### शराब दुकान खोलने के विरोध में छह दिनों से प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण, जनप्रतिनिधियों ने दिया समर्थन



**बाराद्वार।** मालखरौदा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम बड़े रेबेली में शासन के अवैध शराब दुकान खोलने के विरोध में महिलाएं विगत 6 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रही है। उनके आंदोलन को समर्थन देने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष अर्जुन राठौर व जोगी कांग्रेस के प्रदेश महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संतोषी रात्रे ग्राम बड़े बरेली पहुंची। संतोषी रात्रे ने कहा कि शराब भट्ठी से बच्चे युवा सियान सभी की जिन्दगी बर्बाद हो जाएगा। वहीं आर्थिक स्थिति जन धन की हानि होना तय है। यह शराब भट्ठी बंद होनी चाहिए यदि इसे बंद नहीं किया गया तो हम उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। अर्जुन राठौर ने कहा कि शराब दुकान खोलने के लिए ग्राम पंचायत से अनाप्ति प्रमाण पत्र भी नहीं लिया गया है। यहां तक कि सरपंच ने नहीं खोलने निवदेन किया है। श्री राठौर ने कहा कि सरकार एक तरफ शासकीय स्कूल को बंद कर रही है वहीं शराब दुकान खोलकर लोगों का जीवन बर्बाद करने पर तुली है।

## बच्चों ने स्टॉल लगाकर अपनी वैज्ञानिक सोच का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अनुभवात्मक एवं प्रयोग आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संकुल केंद्र डी डी एस बिर्रा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोनादह, के.जी.बी.ह्वी. बिर्रा एवं शास.पूर्व माध्य. शाला डीडीएस बिर्रा में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया।

■ संकुल केंद्र डी डी एस बिर्रा के सभी पूर्व माध्यमिक शालाओं में किया गया विज्ञान मेला का आयोजन

इस आयोजन में विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं पर आधारित स्टॉल लगाकर अपनी समझ, जिज्ञासा और रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विज्ञान मेले के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अम्ल एवं क्षार, विद्युत परिपथ, सुचालक एवं अचालक, पृथक्करण की विधियाँ, चुंबक के गुण तथा सूक्ष्मदर्शी के माध्यम से कोशिकीय संरचना के अवलोकन जैसे विषयों पर गतिविधि आधारित प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने स्वयं प्रयोग करके न केवल अवधारणाओं को समझा, बल्कि उपस्थित शिक्षकों एवं अन्य विद्यार्थियों को भी सरल भाषा में समझाया गया। बच्चों की जिज्ञासा, आत्मविश्वास और तार्किक सोच स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। यह आयोजन श्रीमती रत्ना थवाईत विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह, हीरेंद्र बेहार विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, संकुल समन्वयक, संकुल प्राचार्य, संस्था प्रमुख, एवं विज्ञान शिक्षकों के मार्गदर्शन और सक्रिय सहयोग से विज्ञान मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विज्ञान मेले ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चिंतन, विश्लेषण क्षमता तथा संवाद कौशल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है। विज्ञान मेला के लिए बच्चों को विशेष मोटिवेट करने के उपलक्ष में विज्ञान शिक्षक रम्हैया लाल कश्यप एवं राम कुमार सिदार को विज्ञान संदर्भ मैग्जीन भेंट सुनील कुमार कुर्रे पूर्व संकुल प्रभारी एवं लखन लाल कश्यप संकुल समन्वयक संकुल केंद्र डीडीएस बिर्रा ने किया है।



उपस्थित अतिथि, शिक्षक एवं मॉडल का प्रदर्शन करते बच्चे।

### सिविल जज बनने के उपरांत प्रथम आगमन पर नागेन्द्र सिंह का हुआ भव्य स्वागत

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत सोनादुला के नागेन्द्र सिंह चन्द्रा का सिविल जज के रूप में चयन हुआ है। सिविल जज बनने के बाद अपने गृह ग्राम सोनादुला पहुंचने पर क्षेत्र के जनपद सदस्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति खीकबाई मनहरण कमलेश, उनके पिता मनहरण लाल चंद्रा नोटरी ऑफिसर मालखरौदा,माता विमलेश सिंह चन्द्रा व उनका पूरा परिवार और समस्त ग्राम वासियों ने बाजे गाजे के साथ गर्म जोशी से स्वागत किया गया। पंचायती चुनाव में जनपद सदस्य के रूप में पहली बार सोनादुला से खीकबाई मनहरण कमलेश को विजय हासिल हुआ। इसके बाद एक साथ दो युवाओं राजेश्वर चंद्रा एवं नारायण प्रसाद चन्द्रा का सैनिक के रूप में चयन हुआ और आज नागेन्द्र सिंह चन्द्रा पिता मनहरण लाल चन्द्रा का सिविल जज के रूप में चयन हुआ है। बता दे कि नागेन्द्र सिंह चन्द्रा मनहरण लाल चंद्रा नोटरी ऑफिसर मालखरौदा, विमलेश सिंह चन्द्रा पूर्व प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमनदुला के पुत्र है। नागेन्द्र सिंह चन्द्रा ने बताया कि शुरू से ही लक्ष्य को निर्धारित करके उसके अनुरूप कठिन परिश्रम करना, लगातार अध्ययन करते रहना, असफलता से हार न मानना बल्कि उससे सीख लेना और अपने अंदर रह गई कमज़ोरी को दूर कर लक्ष्य प्राप्त किया सकता हैं।



## विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक माडल व प्रोजेक्ट से सीखा तकनीकी प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राहौद

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भवतरा में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों एवं प्रोजेक्ट्स, विभिन्न प्रकार स्टालों में प्रयोग के माध्यम से अपनी प्रतिभा, नवाचार क्षमता और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विज्ञान मेला में बच्चों ने सूक्ष्मदर्शी की सहायता से स्लाइड का अवलोकन किया तथा अम्ल एवं क्षार से जुड़े प्रयोग प्रस्तुत किए। इसके साथ ही सुचालक एवं कुचालक पदार्थों की पहचान, पदार्थों का वर्गीकरण, पृथक्करण की विभिन्न विधियों का प्रदर्शन, चुम्बकीय एवं अचुम्बकीय पदार्थों की पहचान, तापमापी का प्रयोग, पदार्थों के प्रकृति एवं अवस्था की पहचान, विभिन्न अंधविश्वास /मिथक की वैज्ञानिक सत्यता तथा विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों का अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों ने अपने प्रयोगों, कबाड़ से जुगाड के तहत विज्ञान मॉडल के माध्यम से जानकारी आगंतुकों को सरल और रोचक ढंग से समझाई। दो छात्राओं के डॉक्टर की भूमिका निभाते हुए हॉस्पिटल का रूप देते हुए स्थितोस्कोप के माध्यम हृदय की धड़कन को जाना साथ ही हॉस्पिटल में उपयोग होने वाले उपकरण को भी नजदीक से अनुभव किया। विज्ञान मेला मुख्य रूप से विकास रात्रे, बीरेंद्र तिवारी, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के शिक्षिका सस्मिता , शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्री के प्रधान पाठक अश्वनी कुमार रात्रे, शिक्षक गुलाब शास्त्री, श्रीमती सरिता कुर्रे व शाला के बच्चो एवं ग्राम भवतरा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शाला में विज्ञान मेला का आयोजन एवं तैयारी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक के एल निर्मलकर एवं के के साहू के मार्गदर्शन में एवं शिक्षकगण डोंगर साहू, संतोष टंडन, श्रीमती प्रतीक्षा शुक्ला, गांगेय पाण्डेय, राजू दुबे एवं भवरभाठा के प्रधान पाठक रामनारायण कश्यप का विशेष सहयोग रहा। विज्ञान मेला के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ।



उपस्थित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं।

## सड़क निर्माण से आवागमन होगा सुगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

सक्ती विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नगरदा में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत स्वीकृत दो सीसी रोड निर्माण कार्यों (कुल लागत 7.80 लाख) का विधिवत भूमिपूजन सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच बॉम्बे लाल यादव ने की। पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू की अनुशंसा से योजना अंतर्गत चौहान मोहल्ला में सीसी रोड निर्माण एवं खलबोरवा तालाब से किसान सागर की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य को स्वीकृति प्राप्त हुई है। भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए डॉ. साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुदृढ़ अधोसंरचना विकास छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा तथा किसानों और ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर उप सरपंच लता विजेंद्र कंवर, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल जयसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता सुफल राम बरेठ, दिलचंद कंवर, नंदन जयसवाल, श्याम चौहान, पंचगण सिया राम साहू, धरम सिंह कंवर, विजय कंवर, राम कुमार कंवर, किशन कंवर, भगदन केवट, संतोषी चौहान सहित उज्जैन साहू, राधा मोहन केवट, रामायण केवट, छोटू चौहान एवं अन्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन विधिवत पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर किया गया। ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।



भूमि पूजन करते पूर्व विधायक खिलावन साहू।

## जिला कांग्रेस ने जारी की सूची, 31 को मिला स्थान

**सक्ती।** जिला कॉग्रेस कमेटी सक्ती के संगठन के विस्तार प्रदेश कॉग्रेस कमेटी के अनुशंसा के बाद जिला कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गवेल ने कार्यकारणी की घोषणा कर दी हैं जिसमे 31 कॉग्रेसजनो को उपाध्यक्ष, महामंत्री एवं सचिव की जिम्मेदारी के साथ 10 कॉग्रेसी को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया हैं। पूर्व में ब्लाक अध्यक्ष रहे कॉग्रेस जनों को सचिव की जिम्मेदारी दी गई हैं। वरिष्ठम 7 कॉग्रेसजनो को उपाध्यक्ष रूप नारायण साहु एवं वरिष्ठ कॉग्रेस नेता प्रवक्ता के पद बलराम पाण्डे, धनी राम सोनवानी, तारा चन्द साहू, अमर सिंह बनाफर, भुनेश्वर चंद्रा वहीं जिला महामंत्री पर गिरधर जायसवाल सहित अमित राठौर, विजय सूर्यवंशी, राजीव जायसवाल, घनश्याम देवांगन, पिन्टू ठाकुर, जितेंद्र बहादुर, कुसुम यादव, मधुसुदन साहू, ओम प्रकाश पटेल, बोध साय चन्द्रा, ताम्रध्वज चन्द्रा 12 लोगों को महामंत्री बनाया गया हैं। लाल बहादुर पटेल, कन्हैया कंवर, कुसुम लता अजगले, पारस यादव, मनोज जायसवाल, रामकुमार राठौर, सुभान खान, भीष्म देव भारती, राजेन्द्र यादव, चन्द्र कुमार सोनी, जीवन लाल साहू, पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे, भीषमदेव भारती 13 कॉग्रेस नेताओं को सचिव की जिम्मेदारी के साथ कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी आनंद अग्रवाल को दी गई हैं। वही 10 कॉग्रेसी उगेन्द अग्रवाल, सविता रात्रे, रामबाई सिदार, गायत्री सिदार, सन्नी राम साहू, दूज राम, सुनील कुमार पटेल, लखन लाल चन्द्रा, जिला कॉग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के चुनिंदा लोगों को शामिल किया गया हैं जो पार्टी द्वारा होने वाले आयोजन पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे है। कार्यकारणी में खासकर ग्रामीण इलाकों के पंचायत प्रतिनिधियों, किसानों, युवाओं, महिलाओं के साथ सभी वर्गों को जगह दी गई हैं। जिला कॉग्रेस कमेटी कार्यकरणी की सूचीनेता प्रतिपक्ष डॉ चरण महन्त, विधायक रामकुमार यादव, विधायक बालेश्वर साहु की सहमति पर तैयार की गई हैं।



■ गिरधर जायसवाल बने जिला कॉग्रेस के महामंत्री



